# HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

**(Second Session)**

**Questions For Oral Answer**

## Wednesday, 4th April, 2018/14 Chaitra, 1940 (Saka)

----

**[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affair Minister - MPP & Power Minister - Agriculture Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Forest Minister ].**

**Total No. of Questions - 38**

----

**Gosadans**

***461 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many Gosadans have been made functional in Una District;

(b) the names of such Gosadans and how much amount have been given as grant by the Government or any other agency for the establishment be given; and

(c) whether the stray oxen will also be kept in Gosadans; if so, by when?

----

## Construction of Bridge

***462 Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether the Government will construct bridge to connect Kotdhar with Jhanduta under Central Road Fund?

----

## ट्रांसफार्मर की स्थापना

***463 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2017-18 में विद्युत मण्डल करसोग के अन्तर्गत कितने ट्रांसफार्मर स्थापित करने का लक्ष्य था; कितने स्थापित किये गए तथा कितने शेष हैं;

(ख) इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ग) करसोग में 33 के0वी0ए0 सब-स्टेशन की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) इस मण्डल के अन्तर्गत पुराने खम्भों को बदलने का सरकार विचार रखती है; यदि हाँ, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी ?

----

## O.B.C. Bhawan

***464 Sh. Arun Kumar (Nagrota):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of Choudhary Hardyal O.B.C. Bhawan at Nagrota Bagwan;

(b) whether the funds for the construction of this Bhawan have been provided by the Government; and

(c) whether this Bhawan has been handed over to the concerned panchayat or not; details be given?

----

## Transformer

***465 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) how many transformers are proposed to be installed in Rampur Constituency during this financial year;

(b) during the last three years how many transformers have been installed in Rampur constituency; and

(c) during this period how much funds were sanctioned for Rampur Constituency?

----

## बस सेवा

***466 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कुल्लू-माशणा थाच एवं Bradha-Sanghchan सड़क पर बस सेवा कब तक चलाने का विचार रखती है?

----

## ST Certificate to Tibetan Lambas

***467 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is fact that as per Part-V Himachal Pradesh (Scheduled Tribes) of Appendix-A of Schedule Castes and Schedule Tribes order (Ammendment Act 1976 No. 108 of 1976) "LAMBA" has been shown as ST's of the state of H.P.; and

(b) whether the Tibetan LAMBAs residing in Dalhousie are being issued S.T certificates?

----

## प्राचीन मन्दिरों की स्थापना

***468 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गोविन्द सागर झील के बनने के उपरान्त सरकार ने सांडू मैदान में अत्यन्त प्राचीन मन्दिरों को उठाकर नये स्थानों पर स्थापित करने हेतु योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत गई व कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## फसलों को नुकसान

*469 **श्री मुलख राज(बैजनाथ) :**
**श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**
**श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार किसानों की फसलों को आवारा पशुओं एवं जंगली जानवरों से बचाने हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) गत तीन वर्षों में इनसे किसानों की फसलों को बचाने हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ग) क्या सरकार फसलों को हुए नुकसान को फसल बीमा योजना के अन्तर्गत लाने का विचार रखती है?

----

## घारली से सेरी कोठी सड़क

*470 **श्री राकेश कुमार(सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि घारली-सेरी कोठी, जनौल-जरल, पण्डार चण्डीकर हाड़ा बोई और मलाना-बैहली वाया सरीहणी शोजडू, शाज शलाह सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## अवैध कटान

*471 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**
**श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में किन-किन जंगलों में अवैध कटान हुआ ; कितने मामले दर्ज किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार ने क्या कार्रवाई की ?

----

## Veterinary Polyclinic

***472 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that every District in H.P. except Hamirpur is having a veterinary polyclinic; and

(b) by when it will be opened in Hamirpur?

----

## जनजातीय क्षेत्र घोषित करना

***473 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला सिरमौर की 127 पंचायतों को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने के लिए Report केंद्र सरकार को प्रेषित की है; यदि हाँ , तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## विकास भवन

***474 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास भवन का शिलान्यास कब हुआ; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## स्टोर/मॉल की स्थापना

***475 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शिमला, सोलन, धर्मशाला और मण्डी में स्टोर/मॉल खोलने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इनकी स्थापना कहाँ-कहाँ की जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## Land Revenue Act

***476 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the legal status of Section 163 A of the land Revenue Act; and

(b) whether it has been struck down by any Court of Law; if yes, a copy of the order be laid on the Table of the House?

----

## वन संपदा की क्षति

***477 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश के वन वृत्तों से वन निगम द्वारा कितना बिरोजा निकाला गया; और

(ख) जंगलों में आग लगने के कारण कितने बिरोजे और वन संपदा की क्षति हुई; ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

## सिंचाई योजनाएं

***478 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा किन-किन पंचायतों में सिंचाई योजनाएं तैयार की गई हैं;

(ख) योजनाओं पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा योजनावार दें;

(ग) इनसे किन-किन गांवों की कितनी-कितनी भूमि को सिंचित किया जा रहा है; ब्यौरा दें; और

(घ) कितनी योजनाएं कब से बंद हैं; ब्यौरा दें?

----

## अज्ञात बीमारी

***479 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला किन्नौर के सुन्नम गांव में लगातार पिछले कुछ हफ्तों से अज्ञात बीमारी के कारण कई भेड़-बकरियों की मृत्यु हुई है; यदि हां, तो समाधान हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## Sports Stadium Kutasani

***480 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that what is the latest position of sports stadium & ground at Kutasani in Shimla (Rural)?

----

## किसान हट

***481 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने किसान हट बनाए गए हैं व इसके लिए क्या Infrastructure तैयार किया गया; उसमें से कितने उपयोग में लाए जा रहे हैं और किस कार्य हेतु; ब्यौरा दें; और

(ख) यह हट किसके माध्यम से बनाए गए; इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और किस निधि के अन्तर्गत खर्च की गई; इनको किन-किन कार्यों हेतु किसानों को दिया जाएगा?

----

## परिवहन निगम डिपू

***482 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार जोगिन्द्रनगर में हिमाचल पथ परिवहन निगम का डिपू खोलने का विचार रखती है?

----

## मशोबरा-रामनगरी सड़क

***483 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में मशोबरा-रामनगरी सड़क की अपग्रेडेशन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) यह सत्य है कि मशोबरा जीरो प्वाईंट से धनैन वन विभाग की नर्सरी तक सोलिंग उपरान्त रोलर नहीं चलाया गया; यदि हां, तो सरकार पुनः इसे ठीक करवाने का विचार रखती है?

----

## ठेकेदारों द्वारा कार्य

***484 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल देहरा के अन्तर्गत उप-मण्डलों में A,B और C क्लास के ठेकेदारों को कितने कार्य दिये गये और उनमें से किस-किस ने समयानुसार कार्य पूर्ण नहीं किये; डिफाल्टर ठेकेदारों की सूची सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकार ने अधूरे कार्यों को पूर्ण करवाने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## क्यारटा-पीपलटी सड़क

***485 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण मण्डल संगड़ाह के अन्तर्गत क्यारटा-पीपलटी सड़क के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई?

----

## भूमि आबंटन

***486 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भूमिहीनों के अतिरिक्त भूमि मालिकों को भी भूमि अलॉट की जा सकती है; यदि हाँ, तो नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) ग्राम पंचायत टकारला में मोहल्ला धन्धड़ी में लगभग 80 कनाल भूमि किस आधार पर किसे आबंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

## जनजातीय क्षेत्र में सेवाएं

*487 **श्री अरूण कुमार (नगरोटा)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अन्तर्गत कितने लोगों को रोजगार दिया गया; इनमें से कितने कर्मचारियों ने जनजातीय क्षेत्र में सेवाएं दी हैं; ब्यौरा दें?

----

## रोपवे निर्माण

*488 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू)** :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिजली महादेव और खीरगंगा में रोपवे का निर्माण कब आरम्भ किया जाएगा; इसके निर्माण हेतु क्या शर्तें हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सोलंगनाला रोपवे का सरकार व कंपनी के बीच हुए एम0ओ0यू0 की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) क्या इसका किराया निर्धारण करने में सरकार का नियंत्रण है; यदि हां, तो कितना निर्धारित किया गया है?

----

## तकनीकी विंग की स्थापना

*489 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या सरकार विकास खंडों में अलग से तकनीकी विंग बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां ,तो कब तक ?

----

## 133 के0वी0ए0 सब-स्टेशन पटलांदर

***490 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) कार्यकारी अभियंता हमीरपुर बिजली बोर्ड के अन्तर्गत स्वीकृत 133 के0वी0ए0 सब-स्टेशन पटलांदर स्थित औंसला का शिलान्यास किया जा चुका है; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## सौर लाइटें

***491 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सौर लाइटें लगाने के लिये 14वें वित्त आयोग ने कितनी धनराशि स्वीकृत की और कितनी व्यय हुई; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## प्रभावितों को मुआवजा

***492 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील जुब्बल में आगजनी की कितनी घटनायें हुईं; और

(ख) कितने परिवार प्रभावित हुये व कितनों को सरकार द्वारा राहत सामग्री व मुआवजा प्रदान किया गया; पीड़ितों का ब्यौरा मुआवजे की राशि व नाम सहित दें?

----

## Baspa-II Hydel Project

***493 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that whether it is a fact that Goverment has signed MOU for the execution of the Baspa-II Hydel Project and Power Purchase Agreement with the J.P. Hydro company; if so, a copy of MOU and agreement be laid on the Table of the House?

----

## धलेत-जंडौरी सड़क

***494 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत धलेत -जंडौरी सड़क का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के वन मण्डल न0-2 के तहत किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब प्रारम्भ किया गया तथा कब तक पूर्ण किया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***495 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जोगिन्द्रनगर द्रुब्बल-नागण व भराड़ू-छम्ब सड़कों को पक्का किया जा रहा है; यदि हां, तो इस वित्तीय वर्ष में कितनी किलोमीटर सड़कें पक्की कर दी गई हैं; और

(ख) सरकार क्या द्रुब्बल-नागण सड़क को गांव जरल तक तथा भराड़ू-छम्ब सड़क को गांव मनारू तक जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## सौर ऊर्जा

***496 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार शिमला शहर में स्थित सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यह सत्य है कि शिमला और हमीरपुर को सौर ऊर्जा शहर घोषित किया है; यदि हां, तो इनमें कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के कार्य

***497 श्री होशयार सिंह (देहरा)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य को पूर्ण करने हेतु समय-सीमा निर्धारित की है; यदि हाँ, तो कितनी; ब्यौरा दें?

----

## विकास कार्य

***498 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी )ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में रेणुकाजी निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खंड संगड़ाह, नाहन व पांवटा साहिब में VKVNY, SDP, MPLAD एवं BASP के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि व्यय की है; किन योजनाओं के कार्य चल रहे हैं और किन-किन के अधूरे हैं; और

(ख) इन कार्यों को पूर्ण करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 20 मार्च , 2018.** **सचिव।**